प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'बाईस'

प्रश्न सं. [क्र. 1190]

[19/7/2017]

परिशिष्ट - 'अ'

पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन द्वारा राज्य मद से संचालित पर्यावरण संरक्षण से संबंधित योजनाओं का विवरण

1. **पर्यावरणीय शोध, शिक्षण एवं प्रशिक्षण मद** योजना के अंतर्गत विभिन्न पर्यावरणीय समस्याओं का अध्ययन कर उनके निवारण हेतु उपयुक्त उपाय सुझाना है। इन अध्ययन के साथ ही योजना अंतर्गत प्रदेश की पर्यावरणीय वस्तु स्थिति पर एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जाना है । एप्को की शोध शाखा पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन तथा पर्यारणीय प्रबंधन संबंधी योजनाओं पर भी कार्य करती है । योजना अंतर्गत विभिन्न पर्यावरणीय जागरूकता कार्यक्रम हेतु अनुदान भी प्रदान किया जाता है ।
2. **नगरीय जल निकायों की पर्यावरण संरक्षण एवं प्रबंधन योजना -** एप्को द्वारा मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों में स्थित तालाबों के संरक्षण और प्रबंधन की योजनांए क्रियान्वित की जाती है। उक्त कार्यों के संचालन हेतु एप्को द्वारा नगरीय निकायों के तालाबों की योजना प्रस्ताव प्राप्त कर उसकी स्वीकृति उपरांत संबंधित नगरीय निकायों को योजना क्रियान्वयन के लिये राशि उपलब्ध करायी जाती है। इस परियोजना अंतर्गत तालाब के पर्यावरण से संबंधित संरक्षण कार्य जैसे तालाब से गाद निकलना, डिवीर्डिंग, जलग्रहण क्षेत्र उपचार, दुषित जल का डायर्वजन/ ट्रीटमेंट , घाट निर्माण, वृक्षारोपण एवं गार्डन विकसित करना, पिचिंग और फेन्सिग लगाना आदि कार्य किये जाते हैं। वर्ष 2016-17 में नर्मदियां तालाब, गिचलया तालाब, पिपलरवां जिला देवास एवं छोटा तालाब उन्हेल जिला उज्जैन के संरक्षण हेतु एप्को द्वारा परियोजना स्वीकृत की गई है।
3. **वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम -2006** के अंतर्गत आदिवासी उपयोजना के तहत हितग्राही समुदायों एवं उनसे संबंद्ध समूहों के लिये पर्यावरणीय विषय-वस्तु पर प्रशिक्षण प्रदान करना।
4. **जलवायु परिवर्तन विषय पर शोध -** मध्यप्रदेश स्थित राष्ट्रीय स्तर के चुनिन्दा शासकीय विश्वविद्यालय व शैक्षणिक संस्थानों में पीएचडी करने वाले शोधर्थियों को मध्यप्रदेश पर केन्द्रित जलवायु परिवर्तन विषय पर शोध कार्य करने के लिए एप्को द्वारा प्रति वर्ष अधिकतम 5 छात्रवृत्ति प्रदाय करने की योजना वित्तीय वर्ष 2016-17 से आरम्भ की गई।
5. **बायोस्फियर रिजर्व प्रबंधन कार्य योजना -** पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय भारत सरकार से जैवविविधता संरक्षण कार्यों के लिये निम्नानुसार योजना 50:50 प्रतिशत केन्द्र सरकार एवं राज्य शासन के आधार पर संचालित है :-
    1. पचमढ़ी बायोस्फियर रिजर्व प्रबंधन कार्य योजना
    2. अचानकमार अमरकंटक (मध्यप्रदेश भाग) बायोस्फियर रिजर्व प्रबंधन कार्य योजना
    3. पन्ना बायोस्फियर रिजर्व प्रबंधन कार्य योजना